## केंद्रीय स्थापना अनुभाग
## CENTRAL ESTABLISHMENT SECTION

**बोली-पूर्व बैठक का कार्यवृत – भारतीय रिज़र्व बैंक, नागपुर के औषधालयों द्वारा जारी की गई क्रेडिट पर्चियों पर बैंक औषधालयों में औषधि और दवाओं की आपूर्ति तथा सेवानिवृत्त/सेवा में कार्यरत कर्मचारियों/योग्य आश्रितों के लिए घर पर डिलीवरी – अवधि 01 जुलाई 2025 से 31 मार्च 2026 हेतु।**

**Event No. -** RBI/Nagpur Regional Office/Others/1/25-26/ET/150

उपर्युक्त ई-निविदा की पूर्व-निविदा बैठक 10 जून, 2025 को प्रात: 11:00 बजे आयोजित की गई। यह बैठक बैंक के परिसर में ऑफ़लाइन आयोजित की गई थी और इसमें छह संभावित बोलीकर्ता शामिल हुए थे। श्री एम वी पेंढारकर, समप्र, सीईएस ने बैठक की अध्यक्षता की। प्रतिभागियों की सूची अनुबंध में दी गई है।

2. बैठक की शुरुआत में, समप्र ने सहभागियों का स्वागत किया और निविदा प्रक्रिया और बैंक की अपेक्षाओं के विभिन्न पहलुओं की संक्षिप्त व्याख्या की। सहभागियों को ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने से पहले निविदा दस्तावेज़ को ध्यान से पढ़ने और इसमें उल्लिखित निर्देशों और शर्तों का पालन करने की सलाह दी गई। निविदाकर्ताओं से यह भी अनुरोध किया गया कि वे तकनीकी बोली और मूल्य बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें ताकि अंतिम क्षण में किसी भी समस्या से बचा जा सके। इसके बाद, उन्होंने संभावित बोलीकर्ताओं से प्रश्न पूछने का आग्रह किया।

3. संभावित बोलीकर्ताओं द्वारा उठाए गए प्रमुख प्रश्न और दिए गए स्पष्टीकरण नीचे प्रस्तुत किए गए हैं:

| क्रम | प्रश्न | स्पष्टीकरण |
|---|---|---|
| 1. | यदि लिखी गई दवाई बोलीकर्ता के पास उपलब्ध नहीं है तो क्या किया जाए? | केमिस्ट को बैंक के डिस्पेंसरी को इसकी सूचना देनी होगी और यदि उसकी एवजी अन्य दवा उपलब्ध हो तो उसकी जानकारी प्रदान कर सकता है। बोलीकर्ता बैंक की स्वीकृति के बाद ही एवजी/ अन्य समान दवा की आपूर्ति कर सकता है। |
| 2. | बैंकों के चिकित्सकों द्वारा सामान्य रूप से लिखी गई दवाइयों की सूची? | बैंक के बीएमसी द्वारा सामान्यतः निर्धारित की जाने वाली दवाओं की प्रारंभिक सूची सफल बोलीकर्ताओं को प्रदान की जाएगी। |
| 3 | आरबीआई के साथ केमिस्ट के अनुभव की मांग है ? | ऐसी कोई मांग/अपेक्षा नहीं है। |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | क्या होगा यदि एच2 एच 1 के डिस्काउंट के समान होने से मना करता है? | बोलीकर्ताओं को कार्य अवार्ड करने के लिए एच1 दर की समान दर अनुसार एच2, एच3 और फिर एच4 आदि के क्रम में दिया जाएगा। यदि कोई भी बोलीदाता एच1 द्वारा दी गई दर की समान दर अनुसार पर सहमत नहीं होता है, तो पूरा कार्य एच1 बोलीदाता को सौंपा जाएगा। |

4. उपरोक्त स्पष्टीकरण इच्छुक बोलीदाताओं की जानकारी के लिए जारी किए गए हैं। बोली-पूर्व बैठक के कार्यवृत निविदा दस्तावेज/करारनामे का हिस्सा होंगे। निविदा दस्तावेज और जारी किए गए शुद्धिपत्र की सभी नियम व शर्तें और विनिर्देश समान बने रहेंगे। बोलियों की प्रस्तुति को बोली दस्तावेज और उपरोक्त स्पष्टीकरण के अनुरूप माना जाएगा।

5. यह बैठक अध्यक्ष को धन्यवाद देकर समाप्त हुई।

**अनुबंध**

**सहभागियों की सूची**

| आरबीआई अधिकारियों के नाम व पदनाम | | |
|---|---|---|
| **क्रम** | **नाम** | **पदनाम** |
| 1 | श्री एम वी पेंढारकर | सहायक महाप्रबन्धक |
| 2 | श्री धन्वंथ थुम्मला | सहायक प्रबन्धक |
| 3 | श्री कबीर श्रीवास्तव | सहायक |
| | | |
| **संभावित बोलीकर्ताओं और प्रतिनिधियों के नाम** | | |
| **क्रम** | **फर्म/कंपनी के नाम** | **प्रतिनिधि का नाम** |
| 1 | मै बॉम्बे मेडिकल स्टोर्स | श्री मयूर नायक |
| 2 | मै वरम्भे मेडिकल स्टोर्स | श्री रोहित वरम्भे |
| 3 | मै देवा एजेंसीज | श्री देवेन्द्र त्रिवेदी |
| 4 | मै अपोलो फार्मा लिमिटेड | श्री विलियम सेमयूएल |
| 5 | मै जयंत मेडिकल स्टोर | श्री सोहम जोशी |
| 6 | मै  श्याम मेडिकल स्टोर्स | श्री देवेश कल्याणी |